**बुधवार**
08 जून 2022



पृष्ठ 4

**हिचकी पर ऐसे लगाएं ब्रेक...!**



पृष्ठ 5

**इंटरनेट पर रेड कलर की रिवीलिंग गाउन में छाई जैस्मिन भसीन**



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 126
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

रंग में वह जादू है जो रंगने वाले, भीगने वाले और देखने वाले तीनों के मन को विभोर कर देता है।

– मुक्ता

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

## अपराध की राजधानी बनता जा रहा है दून

हमारे संवाददाता

देहरादून। दो दिन पूर्व प्रेम नगर क्षेत्र में एक युवती की हत्या का मामला सामने आया था आज फिर राजधानी पुलिस को सूचना मिली कि रीठा मंडी क्षेत्र में एक महिला का शव खंडहर में पड़ा है। लगातार हो रही हत्याओं और लूटपाट तथा चोरी की घटनाओं से जहां लोगों में असुरक्षा का माहौल बन रहा है वहीं राजधानी दून अपराध की राजधानी बनती जा रही है।

दो दिन पूर्व प्रेम नगर में रह रही मुजफ्फरनगर की एक युवती सोनिया की हत्या उसके ही साथ लिव इन रिलेशन में रहने वाले युवक सुमित द्वारा कर दी गई थी। जिसने खुद ही हत्या के बाद थाने जाकर पुलिस के सामने अपना जुर्म कबूल करते हुए सरेंडर कर दिया था इस घटना से क्षेत्र में सनसनी व भय का माहौल है वहीं आज पुलिस को एक अज्ञात महिला का शव खंडहर में पड़े होने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के अधजले शव को देख कर उसकी हत्या की आशंका जताते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है।



**●एक और महिला की हत्या, खंडहर में मिला अधजला शव**

जानकारी के अनुसार आज सुबह लख्खीबाग चौकी पुलिस को सूचना मिली कि एक महिला का अधजला शव रीठा मंडी के पास एक खण्डर में पड़ा हुआ है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने मौके पर पहुंच कर देखा कि एक अज्ञात महिला का अधजला शव खण्डर में पड़ा हुआ है।

बताया जा रहा है कि मृतक महिला के दाहिने हाथ में विमला लिखा हुआ है तथा बायें हाथ पर दो बच्चों के टैटू बने हुए है। पुलिस ने मौके पर फील्ड यूनिट की टीम को बुलाकर घटना स्थल की फोटोग्राफी/ वीडियोग्राफी करवाई गयी व शव की शिनाख्त के प्रयास किये गये। लेकिन कुछ पता नहीं चल सका है। वहीं पुलिस ने घटनास्थल व महिला का अधजला शव देखकर हत्या की आशंका जताते हुए मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

### बच्ची के अपहरण का प्रयास


देहरादून (सं)। छोटी बच्ची को खाने का लालच देकर उसके अपहरण का प्रयास किया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार चूना भटटा निवासी व्यक्ति ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके निवास स्थान चूना भट्टा (नियर यादव सप्लायर्स) से उसकी नाबालिक बेटी जिसकी उम्र तीन वर्ष है को खाने–पीने की चीजे दी । शाम को 5 बजे के समय उसने उसकी बेटी को खाने का सामान देकर अपने साथ आध रास्ते तक लेकर जाने लगा जिसके बारे में मोहल्ले के बच्चो व लोगो ने उस व्यक्ति के बारे में उसको बताया तो वह तुरन्त भागकर उसके पीछे गया तो शोर सुनकर व उसको देखकर वह व्यक्ति उसकी बेटी को वही पर छोडकर भाग गया।

## तमंचे की नोक पर ज्वैलर्स शोरुम में डकैती डालने का प्रयास

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। धर्मनगरी हरिद्वार में बदमाशों के हौसले कितनी बुलंद हो चुके है, इसकी बानगी आज दोपहर रानीपुर कोतवाली क्षेत्र के शिवालिक नगर में सामने आयी है। यहां एक ज्वैलर्स के शोरूम में छह बदमाशो द्वारा दिन दहाड़े तमंचे की नोक पर डकैती डालने का प्रयास किया गया। बदमाशों के शोरूम में घुसने पर हल्ला होने के कारण डकैत अपनी योजना में कामयाब नहीं हो सके और उनमें से पांच बदमाश भागने में कामयाब हुए जबकि एक तमंचे सहित पकड़ा गया जिसे पब्लिक द्वारा पीटा गया। मामले की सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस ने मौके पर पहुंच कर पकड़े गये डकैत को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी गयी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज दोपहर छह बदमाश अमन ज्वैलर्स की दुकान में डकैती के इरादे से आए। डकैतों के दुकान में घुसने पर लोगों की जागरूकता के चलते वह अपनी योजना में कामयाब नहीं हो पाए। लोगों ने डकैती डालने आए एक बदमाश को



**तमंचे सहित एक बदमाश दबोचा, पांच फरार**

मौके पर ही पकड लिया और उसकी जमकर धुनाई कर दी, जबकि पांच बदमाश भागने में कामयाब हो गए। मामले की सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस ने मौके पर पहुंच कर पकड़े गये बदमाश को देशी तमंचे सहित हिरासत में ले लिया। पुलिस अब फरार बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है।

◀◀ शेष पृष्ठ 2 पर

## आरबीआई ने की रेपो रेट में 0.50 प्रतिशत की बढ़ोतरी, महंगा होगा लोन

नई दिल्ली । रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने एक बार फिर रेपो रेट में इजाफा किया है। ०.५० प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ रेपो रेट को ४.९० कर दिया गया है। आरबीआई के इस फैसले के बाद लोन महंगा होगा और ईएमआई बढ़ेगी। इससे पहले, चार मई को आरबीआई ने अचानक से रेपो रेट में ०.४ प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि एमपीसी ने आम सहमति से पॉलिसी रेट में ०.५ प्रतिशत की वृद्धि का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि महंगाई दर चालू वित्त वर्ष की पहली तीन तिमाहियों में छह प्रतिशत से ऊपर बने रहने की आशंका है।



आरबीआई मौद्रिक नीति पर विचार करते समय मुख्य रूप से खुदरा महंगाई दर को ध्यान में रखता है। रिटेल महंगाई अप्रैल में आठ साल के उच्च स्तर ७.७९ प्रतिशत रही। यह केंद्रीय बैंक के संतोषजनक स्तर से कहीं अधिक है। आरबीआई को रिटेल महंगाई दो से छह प्रतिशत के दायरे में रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष २०२२–२३ में आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को ७.२ प्रतिशत पर बरकरार रखा है।

## भारत में कोरोना वायरस के मामलों में आया उछाल, 24 घंटे में सामने आए 5 हज़ार से ज्यादा नए केस

नई दिल्ली। भारत में कोरोना वायरस के दैनिक मामलों आज बड़ा उछाल हुआ है। पिछले २४ घंटे में यहां कोविड संक्रमण के पांच हज़ार से ज्यादा मामले दर्ज हुए हैं। आज सामने आए केस मंगलवार के मुकाबले ४०.६ फीसदी ज्यादा है। वहीं इस दौरान महामारी के चलते ७ और मरीजों की मौत हुई है।

स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा बुधवार सुबह जारी अपडेट के मुताबिक, देश में पिछले २४ घंटे में कोरोना वायरस के ५२३३ नए मामले दर्ज हुए हैं, जो बीते कल के मुकाबले १५०० ज्यादा है। वहीं इस दौरान कोरोना संक्रमण के चलते ७ नए मरीजों की मौत हुई है। फिलहाल भारत में कोरोना के एक्टिव केस



२८,८५७ हैं। पिछले २४ घंटे में १८८१ एक्टिव केस बढ़ गए हैं।

देश में सबसे ज्यादा नए केस महाराष्ट्र में सामने आए हैं। यहां मंगलवार को १८८१ नए केस मिले। इसी के साथ राज्य में नए केस में ८१ प्रतिशत का उछाल मंगलवार को दर्ज किया गया। १८ फरवरी के बाद राज्य में कोरोना केस के मामले में ये सबसे बड़ा उछाल है। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई से अकेले १२४२ नए केस मिले। यह सोमवार को मिले केस से करीब दोगुना है।

महाराष्ट्र के अलावा जिन चार राज्यों से सबसे अधिक कोविड केस पिछले २४ घंटे में सामने आए हैं, उसमें केरल (१४६४), दिल्ली (४५०), कर्नाटक (३४८) और हरियाणा (२२७) के नाम शामिल है। सामने आए कुल नए केसों में से ८४.०८ फीसदी इन पांच राज्यों से हैं। वहीं, कुल नए केसों में अकेले महाराष्ट्र की हिस्सेदारी ३५.९४ फीसदी है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक अब तक देश में १९४ करोड़ से ज्यादा (१,९४,४३,२६,४१६) कोविड टीकों की डोज लगाई जा चुकी है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

### गर्मी का येलो अलर्ट

उत्तराखंड ही नहीं इन दिनों पूरा देश भीषण गर्मी की मार झेल रहा है। पारा हर रोज नए रिकॉर्ड बना रहा है देश की राजधानी दिल्ली का पारा 46 डिग्री सेल्सियस को लांघ चुका है वहीं सूबे की राजधानी देहरादून का बारा बीते एक सप्ताह से 40 डिग्री सेल्सियस  के पार है। जिसने पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और अभी चंद रोज पहले तक जहां चारों धामों में कड़ाके की सर्दी का कहर था वही पारा 27 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा है तथा ओली में भी 21 डिग्री सेल्सियस के पास है जिसे लेकर सभी हैरान परेशान हैं। मौसम विभाग द्वारा पारे के खतरनाक स्तर तक पहुंचने की भविष्यवाणी करते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है और अभी 15 जून तक मौसम में किसी बड़े बदलाव की संभावना से इनकार किया गया है। 10-11 जून को उत्तराखंड के कुछ पर्वतीय भागों में हल्की बूंदाबांदी की संभावना जरूर जताई गई है लेकिन इससे कोई बड़ी राहत नहीं मिलने वाली है। इस भीषण गर्मी के दौर में कामकाजी लोगों को सबसे ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है जिनके लिए घर से बाहर निकलना उनकी मजबूरी है। गर्मी से निजात पाने के लिए लोग शीतल पेय पदार्थों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। जो उनके स्वास्थ्य पर भारी पड़ रहा है। अस्पतालों में डायरिया और पेट रोग संबंधी मरीजों में भारी वृद्धि हो रही है। देश के कई हिस्से ऐसे हैं जहां पारा 45 के पार जा चुका है और जून की गर्मी लोगों की जान पर भारी पड़ रही है। उत्तराखंड को इन दिनों इस गर्मी की दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। राज्य के जंगल एक बार फिर से धधकने शुरू हो गए हैं। जिससे तापमान और बढ़ रहा है राज्य के कई क्षेत्रों में बिजली-पानी का संकट बढ़ गया है। राज्य में बिजली की मांग लगातार बढ़ती जा रही है जिसके कारण बिजली कटौती भी एक मजबूरी बन गई है। इस संकट से अभी फिलहाल कोई मुक्ति के आसार इसलिए भी नहीं दिख रहे हैं क्योंकि अभी मानसून आने में काफी समय लग सकता है पहले देश की राजधानी तक मानसून के 15 जून तक पहुंचने की बात कही जा रही है लेकिन अब इसमें एक सप्ताह और देरी होने की बात कही जा रही है। विश्व के बड़े देशों की ग्लोबल वार्मिंग को लेकर भले ही चाहे जो भी चिंताएं रही हो लेकिन उनके कारण पूरे विश्व को जिन समस्याओं से जूझना पड़ रहा है वह किसी से छिपा नहीं है। बढ़ते तापमान से ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है जलस्रोत सूख रहे हैं तथा भूगर्भीय जल स्तर नीचे और नीचे होता जा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग की समस्या पर अगर विश्व राष्ट्र गंभीर नहीं होते हैं तो इसका प्रभाव पूरे मानव समाज को भोगना पड़ेगा इसमें किसी को कोई शंका नहीं होनी चाहिए।

## नालियों से सरकारी किताबों का मिलना दुर्भाग्यपूर्णः जोशी

संवाददाता




देहरादून। आप के मीडिया प्रभारी अमित जोशी ने चंपावत के पाटी ब्लॉक के पोखरी गांव के नाले में सरकारी पाठ्य पुस्तकों के फेंके जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए दोषियो के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

आज यहां एक बयान जारी करते हुए जोशी ने कहा कि पूरी सरकार 2 दिनों से हल्द्वानी में अपने कार्यक्रमों में व्यस्त है और मुख्यमंत्री की विधानसभा में शिक्षा के नाम पर भद्दा मजाक किया जा रहा है।

अमित जोशी ने चंपावत के पाटी ब्लॉक के पोखरी गांव के नाले में सरकारी पाठ्य पुस्तकों के फेंके जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि एक ओर तो सरकार उच्च शिक्षा और अच्छी शिक्षा की बात करती है और दूसरी ओर सरकारी विद्यालयों में बांटी जाने वाली किताबों को नालियों से बरामद किया जा रहा है। इससे बड़ा दुर्भाग्य इस प्रदेश का क्या हो सकता है और कैसे इस प्रदेश के नौनिहालों का भविष्य संवरेगा।

जोशी ने  कहा कि आम आदमी पार्टी इस पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री धामी  से यह मांग करती है कि  मुख्यमंत्री को इस मामले में तुरंत गंभीरता दिखाते हुए दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए ,ताकि नौनिहालों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा मिल सके।

### तमंचे की नोक पर ज्वैलर्स शोरुम में डकैती.. ▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

बता दें कि बीते दिनों बदमाशों द्वारा जिला हरिद्वार में ही दो पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया गया था। जिसमें एक पुलिस कर्मी की आंख चली गयी। हालांकि बाद में पुलिस ने उन बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया गया था। आज दोपहर एक बार फिर कुछ बदमाशों द्वारा दिन दहाड़े ज्वैलर्स शोरूम में डकैती डालने का प्रयास किया गया है। इसको देखकर लगता है कि बदमाशों में अब कानून का कोई भय नहीं रह गया है।

## अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे सरकारी योजनाओं का लाभः अभिनव

संवाददाता



देहरादून। विशेष प्रमुख सचिव सूचना अभिनव कुमार ने कहा कि अन्तिम पंक्ति पर खड़े लोगों को सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ मिले।

आज यहां विशेष प्रमुख सचिव सूचना अभिनव कुमार ने रिंग रोड स्थित सूचना निदेशालय में सूचना विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए निर्देश दिये कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को विभिन्न माध्यमों से जन-जन तक पहुंचाया जाए। सीमान्त जनपदों के लोगों तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाया जाए। समाज के अन्तिम पंक्ति पर खड़े लोगों को सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ मिले, सरकार की इस मंशा को पूरा करने के लिए प्रिन्ट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के अलावा अन्य माध्यमों से भी लोगों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाए। विशेष प्रमुख सचिव सूचना ने कहा कि सरकार की योजनाओं एवं राज्य के विकास के लिए हुए महत्वपूर्ण कार्यों की विभिन्न विभागों से सूचना मांगी जाए, ताकि इनकी आमजन को जानकारी मिल सके।

उन्होंने कहा कि समय के साथ कार्यों में आधुनिक तकनीक का प्रयोग अधिक हो रहा है। सूचनाओं के आदान-प्रदान में आधुनिक तकनीक एवं बेहतर लोक सम्पर्क के लिए जिला सूचना अधिकारियों एवं सूचना अधिकारियों के विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए। सरकार की योजनाओं के व्यापक-प्रचार प्रसार के लिए सभी विभागों के समन्वय बनाये रखें। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा के दृष्टिगत सरकार द्वारा की गई विभिन्न व्यवस्थाओं एवं श्रद्धालुओं को दी जा रही सुविधाओं का भी व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाए। विभिन्न विभागों द्वारा चारधाम यात्रा मार्गों पर श्रद्धालुओं की दी जा रही सुविधाओं के बारे में विभिन्न प्रचार माध्यमों से जानकारी दी जाए।

महानिदेशक सूचना रणवीर सिंह चौहान ने कहा कि विभाग द्वारा सरकार की योजनाओं एवं राज्य के विकास के लिए किये जा रहे कार्यों का विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। प्रमुख योजनाओं का आम जन को लाभ मिले, इसके लिए लघु फिल्में भी बनाई गई हैं। बैठक में संयुक्त निदेशक सूचना आशिष त्रिपाठी, के. एस. चौहान, उप निदेशक मनोज श्रीवास्तव एवं रवि बिजारनियां उपस्थित थे।

## उल्लेखनीय कार्यों के लिए 'मेड' के युवाओं को किया सम्मानित



नगर संवाददाता

देहरादून। राजधानी के हजारों छात्र-छात्राओं की संस्था मैड द्वारा कर्नल ब्राउन स्कूल में संपन्न मैराथन 2020 के समापन समारोह में संयुक्त नागरिक संगठन के प्रतिनिधि मंडल द्वारा उल्लेखनीय कार्यों के लिए समर्पित मेड के युवाओं को शाल पहनाकर सामूहिक रूप से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर संगठन द्वारा रिस्पना और बिंदाल नदियों के पुर्नजीवन तथा स्वच्छता अभियान के लिए विशाल स्तर पर प्रस्तावित,भावी योजना में अपनी सहभागिता के प्रति युवाओं को आश्वस्त भी किया गया। समारोह में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संचालन मैड के अध्यक्ष करण कपूर तथा सात्विक निझोन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आमजन की जिम्मेदारी भी है। जिसके बिना यह लक्ष्य अधूरा रहेगा।

प्रतिनिधिमंडल में डॉक्टर एस फारुख, चौधरी ओमवीर सिंह, ब्रिगेडियर केजीबहल, जगमोहन मेंदीरत्ता, ताराचंद गुप्ता, तनवीर सिंह, प्रकाश नागिया, सुशील त्यागी, शेरिगंलूडिंग, मनोज ध्यानी, रविंद्र प्रधान,डॉ बी के ओली, डॉक्टर मुकुल शर्मा, यशवीर आर्य, सुशील सैनी, मुकेश नारायण शर्मा, परमजीत कक्कड,एस एस खेड़ा, आशा टमटा आदि थे।

उदस्य शोचिरस्थादाजुहवानस्य मीळ्हुषः।
उद्धूमासो अरुषासो दिविस्पृशः समग्निमिन्धते नरः।।

(ऋग्वेद ७-१६-३)

परमेश्वर के ज्ञान की ज्योति ऊपर आसमान को छूती है, जब हम उस में अपनी यज्ञनिक आहुतियां देते हैं। वह ज्ञान ज्योति हमारी वासनाओं को समाप्त करती है। हम यज्ञशील बने दूसरों के कल्याण के कार्य करें।

The light of the knowledge of God touches the sky when we give Yajanic offerings to that. That light of knowledge eliminates our lust. Let us become Yajansheel and work for the welfare of others.
(Rig Veda 7-16-3)

## किसान सभा की बैठक 10 को

डोईवाला (कासं)। अखिल भारतीय किसान सभा की एक महत्वपूर्ण बैठक बलबीर सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ।

डोईवाला गन्ना सोसायटी किसान सभागार  में बैठक की अध्यक्षता करते हुए बलबीर सिंह ने कहा कि किसानों के मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए किसान सभा हमेशा तत्पर है । उन्होंने कहा कि संगठन ने गन्ने के बकाया भुगतान सहित किसानों की अनेकों समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा आंदोलन किया है और आगे भी समस्याओं को उठाकर उनके समाधान के लिये प्रयासरत रहेगी ।

बलबीर सिंह ने कहा कि  किसान सभा १० जून को संयुक्त किसान मोर्चे के बैनर तले डोईवाला गन्ना सोसायटी में एक बैठक आयोजित कर गन्ने के बकाया भुगतान, सुसवा नदी में गन्दे पानी को साफ करने हेतु ट्रीटमेंट प्लांट लगाने, केशवपुरी में सोंग नदी से आने वाली नहर की स्वच्छता को लेकर व गन्ना सोसायटी डोईवाला में शहीद स्मारक बनाने जैसे मुद्दों पर चर्चा कर उसका समाधान करने की कोशिश करेगी।

बैठक को किसान सभा जिला संयुक्त सचिव याकूब अली व ज़ाहिद अंजुम ने भी सम्बोधित करते हुए कहा कि डोईवाला क्षेत्र में किसान सभा का सदस्यता अभियान पूरा हो चुका जिसमे ५०० सदस्ता का कोटा पूरा करते हुए शीघ्र ही ग्राम कमेटियों का गठन किया जाएगा तथा उसके बाद  माजरी  व डोईवाला मण्डल का विधिवत सम्मेलन करते हुए मण्डल कमेटियों का चुनाव होगा । उन्होंने कहा कि किसान सभा किसानों की समस्याओं के समाधान का एक बड़ा प्लेटफार्म है जो निरन्तर किसानों की आवाज को उठाता है । बैठक में अनूप पाल, किशन सिंह, जगजीत सिंह, शमशाद अली, गुरचरण सिंह, सरजीत सिंह , साधू राम, इलियास अली, अमरीक सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

# कैन्टर चलाने की आड़ में कर रहा था चरस तस्करी, गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

चम्पावत। कैन्टर चलाने की आड़ में चरस तस्करी कर रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने कल देर शाम आधा किलो से अधिक चरस के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त कैन्टर की सीज कर दिया है।

जानकारी के अनुसार कल देर शाम थाना लोहाघाट पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कोई नशा तस्कर नशीले पदार्थों की डिलीवरी हेतू आने वाला है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को देवराड़ी बैण्ड लोहाघाट के समीप एक संदिग्ध कैंटर आता हुआ दिखायी दिया। पुलिस ने जब उसे रोककर चालक की तलाशी ली तो उसके पास से 640 ग्राम चरस बरामद हुई। पूछताछ में उसने अपना नाम आनन्द सिंह पुत्र नारायण सिंह निवासी बेरीपड़ाव लालकुआँ बताया। पुलिस ने उसे एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार कर उसका कैंटर सीज कर दिया है।

## बीज बम अभियान का आगाज

पौड़ी (आरएनएस)। गढ़वाल विवि के बीजीआर परिसर पौड़ी से बीज बम अभियान का आगाज हो गया है। अभियान का शुभारंभ परिसर निदेशक प्रो. प्रभाकर बडोनी ने किया। अभियान के तहत पहाड़ के औषधीय पादपो के बीजों को बम बनाकर वनस्पति विज्ञान विभाग के छात्र–छात्राओं द्वारा जंगलों में फेंका जा रहा है। जिससे विलुप्ति की कगार पर खड़े इस औषधीय पादपों को संरक्षित किया जा सके। विभाग में सेवारत असिस्टेंट प्रोफेसर डा. सविता के इस प्रयास की परिसर निदेशक प्रो. बडोनी ने जमकर सराहना की है। अभियान हरियाली पर्व तक निरंतर जारी रहेगा। प्रो. प्रभाकर बडोनी ने नागदेव के जंगल में बीज बम फेंककर अभियान का आगाज किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि परिसर का वनस्पति विज्ञान विभाग पहाड़ के औषधीय पादपो के संरक्षण की दिशा में बेहतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा असिस्टेंट प्रोफेसर डा. सविता बिष्ट के मार्गदर्शन में अध्ययनरत समस्त छात्र–छात्राएं इस अभियान में अहम योगदान दे रहे हैं। परिसर निदेशक प्रो. बडोनी ने कहा कि यह औषधीय पादपो का संरक्षण पृथ्वी व मानव जगत के लिए महत्वपूर्ण है। अभियान का संचालन कर रही डा. सविता बिष्ट ने बताया कि उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में टिमरु, हिसर, किनगोड़, काफल जैसे अनेक औषधीय पादप पाए जाते हैं, लेकिन इनमें अनेक औषधीय प्रजघतियां विलुप्ति की कगार पर आ गए हैं। उन्होंने कहा कि वनस्पति विभाग के छात्रों के सहयोग से विभिन्न औषधीय पादपो के ४०० बीज बम बनाए गए हैं। कहा जंगल की उपजाऊ मिट्टी में गोबर या वर्मी कंपोस्ट मिलाकर गोलियां बना उनके अंदर बीज भरे जाते हैं। जिन्हें छात्र व शिक्षक अपने–अपने क्षेत्रों में जंगलों में फेंक रहे हैं।

## बिजली चोरी में तीन पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने बिजली चोरी में तीन लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार केवी सब स्टेशन मोहनपुर के अवर अभियंता सतपाल तोमर ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने सुद्धोवाला ट्रेंनिग सेंटर के पास मनोज साहनी, मनीष साहनी व लखविन्दर के घर पर छापा मारा तो वहां पर बिजली के पोल से सीधे कटिया डालकर बिजली चोरी की जा रही थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## दो स्कूटी की भिडंत में एक घायल

संवाददाता

देहरादून। दो स्कूटी की टक्कर में एक युवक घायल हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।


प्राप्त जानकारी के अनुसार डाण्डा लखौड निवासी विकास मलिक ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका भांजा सिद्धार्थ अपनी स्कूटी से रेसकोर्स की तरफ जा रहा था जब वह रेसकोर्स चौक पर पहुंचा तभी दूसरी तरफ से आ रही स्कूटी चालक ने उसके भांजे की स्कूटी पर टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# मुख्य सचिव भी मातहत अधिकारियों पर नकेल डालने में नाकामः मोर्चा

नगर संवाददाता

विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश की जनता का इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है कि उनके शिकायती मांग पत्रों पर कार्रवाई तो दूर, विभागों में पत्र ढूंढे नहीं मिलते! कई बार व्यक्तिगत प्रयास से एवं खोजबीन करने के बाद पत्र मिलता है, तो तब जाकर कहीं कार्रवाई शुरू होती है। इसके अतिरिक्त कार्यालयों में अधिकारियों की गैर हाजिरी, लेटलतीफी भी जनता की परेशानियों में इजाफा करने का काम करती हैं।

नेगी ने कहा कि मुख्य सचिव मातहत अधिकारियों की नकेल कसने में नाकाम साबित हो रहे हैं, अधिकारियों में खौफ लगभग समाप्त हो चुका है। इसका



अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शासन द्वारा शासन को संदर्भित पत्र पटल पर पड़े-पड़े दम तोड़ रहे हैं तथा जब पीड़ित पक्ष अपने पत्रों की व्यक्तिगत रूप से खोजबीन करता है तब जाकर पत्रावली मूवमेंट करती है कमोवेश यही हाल विभागीय अधिकारियों का है, जो शासन के पत्रों पर कार्रवाई तो दूर, उनको खोजने की जहमत तक नहीं उठाते।

कई मामलों में विभागीय अधिकारी 2-2 साल बीत जाने पर भी आख्या तक उपलब्ध नहीं कराते। कई बार शासन इतना लाचार हो जाता है कि अनुस्मारक पर अनुस्मारक भेजने के बाद भी जवाब नहीं मिलता। नेगी ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अगर ऐसा ही होता रहा तो जनता को न्याय कैसे मिलेगा। मोर्चा ने मुख्य सचिव से ए.सी. में बैठने के बजाए धरातल पर व्यवस्थाएं परखने को चेताया।

## कार की टक्कर से बाईक सवार पति-पत्नी घायल




संवाददाता

देहरादून। कार की टक्कर से मोटरसाईकिल सवार पति पत्नी गम्भीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुन्दर पुर सहारनपुर निवासी राजेन्द्र कुमार ने क्लेमनटाउन थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल से दून की तरफ आ रहा था जब वह आशारोहडी बैरियर के पास पहुचां तभी पीछे से तेज गति से आ रही कार ने उनकी मोटरसाईकिल पर टक्कर मार दी जिससे वह पति पत्नी सडक पर गिर गये और उनको गम्भीर चोटें आयी। राहगीरों ने उनको उठाकर स्थानीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## 10 प्रति. क्षैतिज आरक्षण की बहाली की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन व धरना शुरु

देहरादून (सं)। उत्तराखण्ड पीड़ित राज्य आंदोलनकारी मंच के तत्वाधान में राज्य आंदोलनकारियों को राज्याधीन सेवाओं में प्रदत्त १० प्रति. क्षैतिज आरक्षण की बहाली की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन/ धरना शहीद स्मारक देहरादून में प्रारंभ कर दिया गया।




मंच के अध्यक्ष क्रांति कुकरेती ने बताया कि विधानसभा चुनाव से पूर्व मुख्यमंत्री जी से कई बार बातचीत की गई थी और मुख्यमंत्री जी की पहल पर माननीय मन्त्रि परिषद ने अंतिम बैठक में महामहिम राज्यपाल से राज भवन में लंबित एक्ट पर हस्ताक्षर का अनुरोध भी किया गया था।

परन्तु अभी भी इस विषय पर कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई है। इसलिए विवश होकर आंदोलनकारी पुनः आंदोलन हेतु सड़कों पर उतर रहे हैं। टिहरी से आये आंदोलनकारीयों ने धरने को अपना समर्थन देते हुए किसी भी तरह के सहयोग दमदब बात करी।

आज धरने पर पंकज रावत, मनोज कुमार,राम किशन,नवनीत अम्बुज शर्मा, शिव प्रसाद, क्रांति कुकरेती, प्रभात डंडरियाल, विनोद असवाल,प्रदीप कुकरेती, दिवाकर उनियाल आदि बैठे।

# नव संकल्प क्रियान्वयन कार्यशाला की तैयारियों पर मंथन

संवाददाता

देहरादून। 14 जून को होने वाली कांग्रेस नव संकल्प क्रियान्वयन कार्यशाला के आयोजन की तैयारियों के लिए कांग्रेस मुख्यालय में मंथन किया गया।

आज यहां कांग्रेस पार्टी के उदयपुर नव संकल्प घोषणा के क्रियान्वयन पर चर्चा एवं योजना बनाने हेतु आयोजित नव संकल्प घोषणा क्रियान्वयन कार्यशाला की तैयारी बैठक प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय देहरादून में जिला कांग्रेस कमेटी पछवादून, जिला कांग्रेस कमेटी परवादून, देहरादून महानगर अध्यक्षगणों नें बैठक कर आगामी 14 जून को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित होनें वाली नव संकल्प क्रियान्वयन कार्यशाला को लेकर विचार विमर्ष किया। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लाल चंद शर्मा नें कहा की जिला स्तरीय कार्यशाला में जिला/महानगर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री व कार्यकारणी के पदाधिकारी, जिले के सांसद, पूर्व सांसद, सांसद प्रत्याशी, विधायक, पूर्व विधायक, विधायक प्रत्याशी 2022, सभी ब्लॉक




अध्यक्ष, सभी फ्रंटल संगठनों व विभागों के जिलाध्यक्ष, ब्लॉक व नगर अध्यक्ष एवं पांच पांच पदाधिकारी, जिले से आने वाले एआईसीसी व पीसीसी सदस्य भाग ले सकेंगे। जिला/महानगर अध्यक्ष इन कार्यक्रमों के संयोजक होंगे तथा वे अपने जनपद के किसी भी ऐसे नेता या कार्यकर्ता को जो कार्यशाला की दृष्टि से महत्वपूर्ण हो आमंत्रित कर सकेंगे। उन्होनें यह भी बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा भारत की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर कांग्रेस पार्टी द्वारा 9 अगस्त से 15 अगस्त तक ''भारत जोडो'' कार्यक्रम के तहत राज्यभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इन कार्यक्रमों में गोष्ठियां, सम्मेलन एवं तिरंगा यात्राओं के साथ-साथ स्वतंत्रता संग्राम से जुडे सेनानियों एवं उनके परिजनों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस दौरान जिला अध्यक्ष पछवादून संजय किशोर, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लाल चंद शर्मा, जिला अध्यक्ष परवादून अश्वनी बहुगुणा, हरेन्द्र बेदी, अमन उज्जैनवाल आदी कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# दो-राहे पर खड़ा नेपाल

मौजूदा शेर बहादुर देउबा सरकार ने इस धारणा को तोड़ने की कोशिश है। बल्कि अब राय यह बनी है कि नेपाल का झुकाव अमेरिका की तरफ हो गया है। जाहिर है, उससे चीन चिंतित है।

नेपाल की पूर्व कम्युनिस्ट सरकारों का झुकाव चीन की तरफ था। तब ये धारणा बनी थी कि नेपाल चीन के खेमे में शामिल हो गया है। मौजूदा शेर बहादुर देउबा सरकार ने इस धारणा को तोड़ने की कोशिश है। बल्कि अब राय यह बनी है कि नेपाल का झुकाव अमेरिका की तरफ हो गया है। जाहिर है, उससे चीन चिंतित है। तो बीते हफ्ते खबर आई कि चीन ने नेपाल को सरकार साफ संदेश दिया है कि 'दूसरे आंतरिक या बहरी पहलुओं' के कारण उसकी वन चाइना नीति प्रभावित नहीं होनी चाहिए। गौरतलब है कि हाल में कई अमेरिकी अधिकारियों की नेपाल यात्रा की। खास ध्यान पिछले दिनों अमेरिका की मानव अधिकार उप मंत्री उज्रा ज़ेया की नेपाल यात्रा ने खींचा। उस दौरान जेया ने नेपाल में तिब्बती शरणार्थियों से भी मुलाकात की। इससे चीन में व्यग्रता पैदा होना लाजिमी है। तो अब उसने नेपाल को वन चाइना नीति की याद दिलाई है। इसका मतलब यह है कि नेपाल तिब्बत या ताइवान को चीन के अभिन्न अंग के रूप में देखता। चीन ने यह संदेश नेपाल-चीन द्विपक्षीय परामर्श समूह की 14वीं बैठक के दौरान दिया। नेपाली मीडिया के मुताबिक चीनी पक्ष ने उज्रा ज़ेया की नेपाल में हुई मुलाकातों का सीधे जिक्र नहीं किया। लेकिन जो संदेश दिया, उसका मतलब स्पष्ट है।



तो नेपाल आज एक दोराहे पर खड़ा है। यह स्थिति देश में मौजूद मतभेदों के कारण भी है। उज्रा ज़ेया की गतिविधियों पर चीन की प्रतिक्रिया तो बाद में आई है। उसके पहले पूर्व प्रधानमंत्री और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएमएल) के प्रमुख केपी शर्मा ओली इस पर एतराज जता चुके थे। उन्होंने आरोप लगाया है कि ज़ेया ने तिब्बती शरणार्थियों को उकसाने की कोशिश की। इस रूप में ज़ेया ने नेपाल की विदेश नीति के उसूलों और नियमों का उल्लंघन किया। ओली आज भी देश के एक ताकतवर नेता हैँ। मुमकिन है कि इस साल होने वाले आम चुनाव के बाद नेपाल की सत्ता में उनकी फिर प्रमुख भूमिका बन जाए। उनके बयान के निहितार्थ साफ हैं। इसीलिए फिलहाल इस बारे में कुछ कहना कठिन है कि नेपाल दोराहे से आगे किस दिशा में कब तक आगे बढ़ेगा। (आरएनएस)

# टिकट नहीं मिली तो क्या चर्चा तो हुई

कांग्रेस पार्टी ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के करीबी लोगों को राज्यसभा का उम्मीदवार बना दिया। उसी में एकाध नेता ऐसे भी थे जो इन दोनों के अलावा पार्टी और पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी के प्रति निष्ठावान थे। सो, परिवार के प्रति निष्ठा रखने वाले राज्यसभा में मनोनीत हो गए। लेकिन इन दिनों सोशल मीडिया में उनसे ज्यादा चर्चा ऐसे लोगों की है, जो राज्यसभा की टिकट नहीं हासिल कर सके। यह कमाल की बात है। राज्यसभा की टिकट हासिल करने से वंचित रह गए कांग्रेस नेताओं से ज्यादा पत्रकारों, राजनीतिक विश्लेषकों और यहां तक कि कारोबारियों को भी ऐसे लोगों से सहानुभूति है, जो राज्यसभा की टिकट नहीं हासिल कर सके। जैसे एक कारोबारी ने मुंबई के पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवड़ा से सहानुभूति जताई और कहा कि वे टिकट डिजर्व करते थे। उनके इस ट्विट पर कांग्रेस कवर करने वाले कई पत्रकारों ने सहमति जताई। ध्यान रहे पिछले लोकसभा चुनाव में एक बड़े उद्योगति ने मिलिंद देवड़ा के लिए वोट करने की अपील की थी। फिर भी वे हार गए थे। बहरहाल, इसी तरह की सहानुभूति कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा के लिए है। उनको खुद एक लाइन का ट्विट किया कि 'शायद मेरी ही तपस्या में कोई कमी रह गई'। इसे लेकर खूब बहस हुई है और पूरा सोशल मीडिया पवन खेड़ा के पक्ष-विपक्ष में बंटा हुआ है। सोशल मीडिया में चर्चा वाला तीसरा नाम प्रमोद कृष्णम का है। उनके प्रति सहानुभूति नहीं है लेकिन वे कांग्रेस को हिंदू विरोधी साबित करने में जुट गए हैं। बहरहाल, गुलाम नबी आजाद, आनंद शर्मा और कुमारी शैलजा को भी टिकट नहीं मिली लेकिन उनकी ज्यादा चर्चा नहीं हो रही है। (आरएनएस)


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# हिचकी पर ऐसे लगाएं ब्रेक...!

हमारे जब कभी हिचकी आती है तो बड़े-बुजुर्ग कहते हैं कि कोई याद कर रहा है। हालांकि इसका असल कारण कुछ और होता है। दरअसल हमारे शरीर में डायाफ्रम नामक मांसपेशी हृदय और फेफड़े को पेट से अलग करती है। ब्रीदिंग यानी श्वसन में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।



जब इसमें कॉन्ट्रैक्शन अर्थात संकुचन होता है तब हमारे फेफड़ों में हवा के लिए जगह बनती है। जब डायफ्रम मांसपेशी का संकुचन अचानक बार-बार होने लगता है तो हमें हिचकी आने लगती है। हिचकी के समय जो आवाज़ आती है वह ग्लोटिस (वोकल कॉर्ड्स के बीच की ओपनिंग, जिसे कंठद्वार कहा जाता है) के जल्दी-जल्दी बंद होने के चलते आती है।

क्यों आती है हिचकी?

वैसे तो हिचकी आने का एग्ज़ैक्ट कारण बता पाना संभव नहीं है, पर इसके कुछ आम कारण हैं रूकृ

- ज़रूरत से ज्यादा खाना खा लेना। बहुत ज़्यादा तीखा या मसालेदार खाना या जल्दबाज़ी में खाना।

- अल्कोहल या एरेटेड ड्रिंक्स पीना। स्मोकिंग करना।

- तनाव, घबराहट, अतिउत्साह आदि के चलते भी कभी-कभी हिचकी आने लगती है।

- हवा के तापमान में अचानक बदलाव आने से हिचकी का दौर शुरू हो सकता है।



कैसे मिले हिचकी से राहत?

वैसे तो हिचकी कुछ देर बाद अपने आप ठीक हो जाती है, पर यदि ज़्यादा समय तक यह बनी रहे तो राहत के लिए ये घरेलू नुस्ख़े कारगर साबित होते रहे हैं।

- ठंडा पानी पिएं या आइसक्यूब्स मुंह में रखकर धीरे-धीरे चूसें।

- दालचीनी का एक टुकड़ा मुंह में डालकर कुछ देर चूसने से हिचकी में राहत मिलती है।

- गहरी सांस लें, जितनी देर हो सके सांस रोकें। यह प्रक्रिया दोहराएं आराम मिल जाएगा।

- पेपरबैग में मुंह डालकर सांस लें, सांस छोड़ें। इससे श्वसन की प्रक्रिया को नॉर्मल होने में मदद मिलती है।

- लहसुन, प्याज़ या गाजर का रस सुंघाने से आराम पहुंचता है।

- काली मिर्च को पीसकर बारीक़ चूर्ण बना लें। दो ग्राम चूर्ण को शहद के साथ खाएं।

- जीभ के नीचे शक्कर या चॉकलेट रखकर धीरे-धीरे चूसें।

- ज़मीन पर लेट जाएं। घुटनों को अपने सीने की ओर खींचें। ऐसा करने से कभी-कभी डायाफ्रम की गड़बड़ी दुरुस्त हो जाती है।

- 20 ग्राम नींबू के रस में 6 ग्राम शहद और थोड़ा-सा काला नमक मिलाकर चाटने से हिचकियां बंद हो जाती हैं।

यदि घरेलू उपायों से न रुके हिचकी तो क्या करें?

वैसे तो कभी-कभी हिचकी लगातार 48 घंटे तक आपको परेशान कर सकती है, पर यदि ऐसा बार-बार हो तो समझ जाइए कि डॉक्टर से सलाह लेने का वक्त आ गया है। घरेलू उपाय काम नहीं करने वाले। लगातार आने वाली हिचकी अस्थमा, निमोनिया जैसे सांसों से संबंधित बीमारियों का संकेत हो सकती है। कई बार हृदय संबंधी गड़बड़ी भी हिचकी का कारण बनती है। पेट की सूजन, गैस होना, हाइटस हार्निया से भी हिचकी की समस्या शुरू हो जाती है। मेटाबॉलिक गड़बड़ी का संकेत भी हिचकी से मिलता है।

डॉक्टर की सलाह लेना इसलिए भी ज़रूरी है क्योंकि कई बार लगातार हिचकी आने से नींद में बाधा उत्पन्न होती है। लगातार आने वाली हिचकी वजन कम होने से लेकर डिप्रेशन तक का कारण बन सकती है। डॉक्टर पेट, सीने, सिर और गले की जांच करने के साथ-साथ डायबिटीज़ लेवल की जांच कराने को कह सकते हैं। किडनी और लिवर फ़ंक्शन टेस्ट, ईसीजी जैसी जांच कराने की सलाह दे सकते हैं। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -056


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 55 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | | की | | खा | सो | आ | म |
| वा | | त | म | न्ना | | | जा | |
| न | जा | क | त | | बा | अ | द | ब |
| ल | | ली | | वि | ला | प | | हा |
| | अ | फ | सा | ना | | मा | हि | र |
| दा | ब | | | श | गु | न | | |
| न | | उ | प | का | र | | शि | |
| व | | त्स | | र | | त | क | ला |
| | सा | व | न | | गु | रु | वा | र |

# केजीएफ 3 में ऋतिक रोशन की एंट्री!

यश की केजीएफ 2 जबसे रिलीज हुई है तभी से ही इस फिल्म का डंका खूब बज रहा है. अब तक ये फिल्म सिनेमाघरों में खूब धमाका कर रही है. कमाई के मामले में ये हर रोज नया रिकॉर्ड बना रही है. फिल्म के दोनों ही पार्ट जबरदस्त सफल रहे हैं लिहाजा अब केजीएफ 3 को लेकर तैयारियां चल रही है. इसी बीच खबर आ रही है कि केजीएफ 3 में यश के साथ बॉलीवुड के सुपरस्टार ऋतिक रोशन नजर आएंगे. अब सवाल ये कि क्या ऋतिक रोशन वाकई केजीएफ 3 का हिस्सा बनने जा रहे हैं. दरअसल, खबर है कि फिल्म को लेकर काम चल रहा है. फिल्म से जुड़े लोगों की माने तो फिलहाल फिल्म के निर्देशक अपने दूसरे अहम प्रोजेक्ट सालार में जुटे हुए हैं. जैसे ही वो पूरा होगा उसके बाद केजीएफ के तीसरे पार्ट पर काम शुरू कर दिया जाएगा. तब ही फिल्म की कास्टिंग फाइनल होगी. लेकिन रिपोर्ट्स की माने तो अंदर ही अंदर फिल्म की कास्टिंग पर काम शुरू कर दिया गया है और इस बार ऋतिक रोशन को यश के साथ कास्ट करने पर विचार चल रहा है. वैसे आपको बता दें कि ऋतिक रोशन पहले भी साउथ में लीड रोल ठुकरा चुके हैं वो भी सुपरहिट फिल्म बाहुबली में. एसएस राजामौली की फिल्म बाहुबली में लीड रोल पहले ऋतिक रोशन को ही ऑफर किया गया था. लेकिन उन्होंने इस रोल को करने से इंकार कर दिया जिसके बाद ये रोल साउथ स्टार प्रभास ने किया. इस फिल्म ने प्रभास की किस्मत बदल दी. फिल्म साउथ में ही नहीं बल्कि भारत में भी खूब छाई और इस फिल्म का डंका सात समंदर पार भी खूब बजा. बाहुबली जैसी फिल्म को ठुकराने के बाद अब देखना ये होगा कि ऋतिर केजीएफ चैप्टर 3 में नजर आते हैं या नहीं.

# आमिर खान की लाल सिंह चड्ढा को थिएटर में देखने के लिए उत्साहित हैं एस एस राजामौली

आमिर खान की आने वाली फिल्म लाल सिंह चड्ढा के ट्रेलर की तारीफफिल्म निर्माता एस एस राजामौली समेत हर कोई कर रहा है। फिल्म निर्माता ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपने विचार व्यक्त किए। राजामौली ने पोस्ट में लिखा है, आमिर 4 साल बाद एक भावपूर्ण फिल्म के साथ वापस आ रहे है। हैशटैग लाल सिंह चड्ढा का ट्रेलर मुझे काफी पसंद आया। मैं सिनेमाघरों में इसे देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता, पूरी टीम को मेरी शुभकामनाएं। आईपीएल फाइनल में आमिर खान प्रोडक्शंस, किरण राव और वायकॉम 18 स्टूडियोज के लाल सिंह चड्ढा के ट्रेलर को लॉन्च किया गया था, जिसे कई लोगों ने सोमवार को लाइव देखा था। यह फिल्म अगस्त में रिलीज होगी और इसमें करीना कपूर खान, मोना सिंह और नागा चौतन्य मुख्य भूमिका में हैं। लाल सिंह चड्ढा टॉम हैंक की 1994 की प्रतिष्ठित हॉलीवुड ब्लॉकबस्टर फॉरेस्ट गंप की रीमेक है।

# समलैंगिक चरित्र का किरदार निभाकर खुश हैं अभिनेता वरुण जोशी

टीवी अभिनेता वरुण जोशी, जिन्हें पहले कुंडली भाग्य, कुमकुम भाग्य और ये है मोहब्बतें जैसे टीवी शो में देखा गया था। अब अभिनेता आगामी फिल्म शशांक में एक समलैंगिक चरित्र का किरदार निभा रहें है जिसको लेकर वो काफी खुश हैं। अभिनेता कहते हैं, मैं ऑनस्क्रीन समलैंगिक किरदार निभाने के लिए उत्साहित और गर्व महसूस कर रहा हूं। मुझे लगता है कि वे पृथ्वी पर सबसे रचनात्मक और दयालु आत्माएं हैं। मैं उन्हें हास्य पात्रों के रूप में दिखाने और हमारे समाज में उनकी जीवन शैली को चुनौती देने के सिद्धांत के खिलाफहूं। मुझे लगता है कि फिल्में और शो हमारे समाज के लोगों को तीसरे लिंग का सम्मान करने के लिए शिक्षित करने का एक बड़ा माध्यम हो सकते हैं। वरुण अपनी भूमिका के बारे में कहते हैं, मैं फिल्म में एक समलैंगिक का एक महत्वपूर्ण किरदार निभा रहा हूं। वह अमीर और खलनायक है। फिल्म अभिनेताओं पर आधारित जीवन में संघर्ष, सफलता और पतन पर आधारित है। इतना कठिन किरदार निभाना एक चुनौती थी लेकिन मैंने भूमिका निभाने की पूरी कोशिश की। मुझे लगता है कि एक अभिनेता के रूप में यह मेरी जिम्मेदारी है कि मैं पर्दे पर प्रतिभा को दिखाऊं और दर्शकों का मनोरंजन करूं। शशांक सनोज मिश्रा द्वारा निर्देशित काम को लेकर वरुण कहते हैं, मैं वास्तव में इस तरह के एक अद्भुत निर्देशक के तहत काम करने के लिए धन्य हूं। मैं हमेशा उनके साथ जुडने के लिए उत्सुक रहा हूं।

# जुग जुग जीयो के द पंजाब सॉन्ग को मिली प्रतिक्रिया से जहराह एस. खान खुश

अभिनेत्री से गायिका बनीं जहराह एस. खान, जिन्होंने वरुण धवन अभिनीत फिल्म जुग जुग जीयो का हाल ही में रिलीज हुआ गाना द पंजाबबन सॉन्ग गाया है। ग्रूवी डांस नंबर में वरुण धवन के साथ कियारा आडवाणी, अनिल कपूर और नीतू कपूर ढोल की थाप पर भांगड़ा करते हैं। यह गीत बहुत सम्मानित पाकिस्तानी ट्रैक नच पंजाबन का एक ताजा गायन है। उन्होंने कहा, दोस्त और परिवार मुझे यह बताने के लिए कॉल कर रहे हैं कि उन्हें यह कितना पसंद आया। अब जब मैं वीडियो देखती हूं, तो मुझे लगता है कि वरुण, कियारा, अनिल सर और नीतू मैम ने नंबर की एनर्जी बढ़ा दी है। ट्रैक को तनिष्क बागची ने अबरार उल हक के बोल के साथ डिजाइन किया है। मूल नच पंजाबन गीत अबरार द्वारा गाया गया था।

# इंटरनेट पर रेड कलर की रिवीलिंग गाउन में छाई जैस्मिन भसीन




टीवी जगत की जानी मानी मशहूर अभिनेत्री जैस्मिन भसीन आज किसी भी परिचय की मोहताज नहीं रह गई हैं। रियलिटी शो बिग बॉस 14 का भाग बनने के बाद से ही वह बहुत सुर्खियों में रहने लगी हैं।

उन्होंने केवल अपने अभिनय ही नहीं, बल्कि स्टाइलिश अंदाज तथा कातिलाना अदाओं से भी प्रशंसकों को दीवाना बनाया है। वहीं, दूसरी तरफजैस्मिन भसीन सोशल मीडिया के माध्यम से अपने प्रशंसकों के साथ जुड़ी रहती हैं।

जैस्मिन भसीन का प्रत्येक अंदाज उनके प्रशंसकों को दीवाना बना देता है। ऐसे में जैस्मिन अपने नए लुक्स से प्रशंसकों को रूबरू करवाती रहती हैं। हालांकि इन दिनों जैस्मिन भसीन अली गोनी संग अपनी शादी की खबरों को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इसी बीच जैस्मिन भसीन ने अपने नए फोटोशूट की एक झलक प्रशंसकों के साथ साझा की है। फैंस के लिए अपनी पसंदीदा एक्ट्रेस की इन फोटोज से नजरें हटाना मुश्किल हो गया है।

हाल ही में जैस्मिन भसीन अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी कुछ फोटोज साझा की हैं। इनमें उन्हें रेड कलर का रिवीलिंग गाउन पहने देखा जा सकता है। इस फोटोशूट में जैस्मिन भसीन बहुत हॉट और ग्लैमरस लग रही हैं। पोस्ट साझा करते हुए जैस्मिन ने कैप्शन में लिखा, रेड वेलवेट केक। लुक को कंप्लीट करने के लिए उन्होंने लाइट मेकअप किया है तथा बालों को खुला छोड़ा हुआ है।

# भूल भूलिया 2 की शानदार कमाई के बाद निर्माताओं ने किया भूल भूलिया 3 और कबीर सिंह 2 का ऐलान

बॉलीवुड की दो सुपरहिट फिल्में भूल भुलैया 2 और कबीर सिंह ने दर्शकों के दिल और दिमाग में एक खास जगह बना ली है। इतना ही नहीं इन दोनों फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन किया था।हाल ही में रिलीज़ हुई फिल्म भूल भुलैया 2 महामारी के बाद नए रिकॉर्ड बना रही है, जिससे बॉलीवुड इंडस्ट्री साऊथ की फिल्मों के मुकाबले थोड़ी उठने की कोशिश कर रही है। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए ये फ्रेंचाइजी निर्माताओं के लिए भी काफी खास हो गई हैं।

भूल भुलैया 2 अक्षय कुमार की भूल भुलैया की फ्रेंचाइजी है। दूसरे भाग में कार्तिक आर्यन, कियारा आडवाणी और तब्बू मुख्य भूमिकाओं में हैं फिल्म अनीस बज्मी द्वारा निर्देशित है। यह बॉक्स ऑफिस पर १०० करोड़ के कलेक्शन के करीब पहुंच चुकी है। फिल्म ने लंबे समय के बाद निर्विवाद रूप से कई रिकॉर्ड तोड़े हैं। वहीं अगर कबीर सिंह की बात करें तो, यह भी विजय देवरकोंडा की तेलुगु फिल्म, अर्जुन रेड्डी की आधिकारिक हिंदी रीमेक थी। संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित, कबीर सिंह में शाहिद कपूर और कियारा आडवाणी मुख्य भूमिकाओं में थे।

हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान भूषण कुमार से पूछा गया की उनकी कौन सी फिल्म को फ्रेंचाइजी में बदलना चाहिए, इस बात पर भूषण कुमार ने कहा कि कबीर सिंह को पूरी तरह से एक फ्रेंचाइजी में बदला जा सकता है। उन्होंने स्माइल करते हुए कहा च्मुझे लगता है च्कबीर सिंहज् एक फ्रेंचाइजी में बदल सकती है. कबीर एक ऐसा आइकॉनिक किरदार है जिसे सेकेंड पार्ट के बारे में सोचा जा सकता हैज्.

बीबी 2 रिलीज से पहले, कार्तिक ने कहा था, सीक्वल बनाना सबसे कठिन काम है क्योंकि लेखकों को इसे नए तरीके से प्रस्तुत करना है और फिर भी मूल फिल्म के तत्व को बनाए रखना है। जिस पैमाने पर इसे बनाया गया है, वह काफी लंबा और चौड़ा है। हमें उम्मीद है कि बहुत सारे परिवार आएंगे और इसे देखेंगे। यह एक अलग और नई कहानी है। यह रीमेक नहीं है, यह एक सीक्वल है, जिसकी एक नई कहानी है, जो लोगों को पुरानी यादों में भेज देगी।

# आश्रम 3 के ट्रेलर के बाद त्रिधा चौधरी के लुक्स ने बढ़ाया पारा



हम जानते हैं कि इस समय आश्रम 3 काफी सुर्ख़ियों में हैं। इस वेब सिरीज़ का ट्रेलर भी सामने आ चुका है। बताया जा रहा है कि इस सिरीज़ का तीसरा सीजन् बेहद ही खास होने वाला है। जिसकी हर तरफचर्चा भी हो रही है। बॉबी देओल ही इसमें लीड किरदार में नजऱ आ रहे हैं। वहीं इसमें ज़्यादातर वही किरदार हैं जो पिछले सीजन् में भी नजऱ आ चुके हैं।

त्रिधा चौधरी भी सिरीज़ के हरेक सीजन में नजऱ आई हैं। वहीं आश्रम 3 के ट्रेलर में भी त्रिधा को देखा जा सकता है। हालांकि ट्रेलर में त्रिधा की सिर्फझलक देखने को ही मिली है। लेकिन अब त्रिधा के लुक्स भी सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहे हैं। हर तरफत्रिधा की खूबसूरती की चर्चा भी हो रही है। वहीं उनकी कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रही हैं

आश्रम 3 अब जल्द ही दर्शकों के लिए रिलीज़ होने वाली है। रिपोर्ट्स की माने तो ये वेब सिरीज़ 3 जून को रिलीज़ होने वाली है और अब दर्शक भी इस सिरीज़ को लेकर काफी उत्साहित नजऱ आ रहे हैं। इस वेब सिरीज़ के बाकी दो पार्ट भी खूब पसंद किए गए। वहीं इस बार भी त्रिधा चौधरी सिरीज़ में नजऱ आने वाली हैं। ये कहना गलत नहीं होगा कि इस बारा भी त्रिधा अपनी हॉटनेस से सिरीज़ में तडक़ा लगाने वाली हैं।

त्रिधा के लुक्स की भी काफी चर्चा हो रही है। वहीं उनकी कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं जिन्हें देखकर कोई भी मदहोश हो सकता है। हाल ही में एक तस्वीर सामने आई है जिसमें त्रिधा क्रिस्टल ड्रेस में नजऱ आ रही हैं। वहीं मैचिंग ईयरइंग्स में त्रिधा काफी खूबसूरत लग रही हैं। वहीं इसी के साथ त्रिधा की व्हाइट एंड ब्लैक बिकनी में भी एक तस्वीर वायरल हो रही है जिसे देख किसी का दिल भी मचल जाएगा। इसी के साथ त्रिधा की एक और तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं जिसमें वे गोल्डन बिकनी में नजऱ आ रही हैं। वहीं एक तस्वीर में त्रिधा ने काले रंग की मोनोकनी भी पहनी हुई है। बता दें कि इन तस्वीरों में त्रिधा ने हर किसी का दिल जीत लिया है। वहीं त्रिधा के वर्कफ्रंट की बात करें तो वे आश्रम 3 के साथ साथ शमशेरा में भी नजऱ आने वाली हैं।

# नागरिक उड्डयन के क्षितिज पर नई सुबह

ज्योतिरादित्य सिंधिया

जब भारत की पहली व्यावसायिक उड़ान ने 1911 में इलाहाबाद के भीतर उड़ान भरी, तो दुनिया को भारत जैसे कीमत के मामले में संवेदनशील और उभरते बाजार में उड्डयन के इस क्षेत्र में किसी उल्लेखनीय विकास की उम्मीद कम ही थी। हालांकि, समय के साथ, भारत के उभरते मध्यम वर्ग ने परिवहन के इस साधन को अपनाया और इसी क्रम में बड़े पैमाने पर किफायत की वजह से किराये में गिरावट आई। कुल मिलाकर, वर्ष 2016 तक की भारतीय नागरिक उड्डयन क्षेत्र के विकास की यही कहानी है।

वर्ष 2016 में, इस क्षेत्र में एक आमूल बदलाव हुआ। हवाई अड्डों के दरवाजे पहली बार उड़ान भरने वालों, जिनमें से ज्यादातर हवाई चप्पल पहनने वाले यानी भारत की गरीब से लेकर निम्न मध्यम वर्ग की आबादी, के लिए खोल दिए गए। निश्चित रूप से, यह रूझान केवल शहरों में रहने वालों तक ही सीमित नहीं था। दरभंगा, झारसुगुड़ा और किशनगढ़, जिनका पहले भारत के विमानन मानचित्र पर नामोनिशान तक नहीं था, जैसी जगहों पर छोटे-छोटे हवाई अड्डे शुरू हो गए। दरभंगा और झारसुगुड़ा, दोनों हवाई अड्डों ने पिछले एक साल में क्रमशः 5.75 लाख और 2.4 लाख यात्रियों की सेवा की है।

यह वो बदलाव है जिसकी शुरुआत प्रधानमंत्री मोदी के गतिशील नेतृत्व ने नीति निर्माण की समेकित दृष्टिकोण के तहत की है और जिसने वाकई समाज के सबसे निचले तबके के लोगों को लाभान्वित किया है। 2016 में उड़ान योजना के माध्यम से हवाई यात्रा के लोकतंत्रीकरण की शुरुआत और हालिया हेली-नीति नागरिक उड्डयन के क्षेत्र में इस सरकार की अब तक की दो सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक रही है। पिछले आठ वर्षों में (70 वर्षों में 74 हवाई अड्डों की तुलना में) भारत के पहले वाटर एयरोड्रोम सहित 67 से अधिक हवाई अड्डों के साथ, 9 मिलियन से अधिक यात्रियों ने उड़ान योजना के तहत विभिन्न उड़ानों के माध्यम से 419 उन नए मार्गों पर यात्रा की है, जो 2014 तक नागरिक उड्डयन के दायरे से बाहर थे।

इस लोकतंत्रीकरण का मतलब किसी भी तरह से एयरलाइन उद्योग के विकास के साथ कोई समझौता करना नहीं था। घरेलू यात्रा करने वाले यात्रियों की वार्षिक संख्या 2013-14 में 60 मिलियन से बढ़कर 2019-20 में 141 मिलियन तक पहुंच गई और 2023-24 तक इस संख्या के 400 मिलियन तक पहुंच जाने की उम्मीद है। उच्च लागत और अति-नियमन से बुरी तरह प्रभावित इस क्षेत्र में एक समय कंपनियों के लिए न सिर्फ प्रवेश करना कठिन बन गया था बल्कि प्रवेश करने के बाद इसमें खुद को बनाये रखना और भी कठिन हो गया था। वर्ष 2005 से लेकर 2013 के बीच आधा दर्जन एयरलाइनों को अपना कारोबार बंद करने पर मजबूर होना पड़ा। लेकिन 2014 के बाद, इस सरकार के न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन के आदर्श वाक्य ने इस परिदृश्य को उलट दिया है। निरर्थकता और अक्षमताओं को लगभग समाप्त कर दिया गया है। हमारे नियामकों, डीजीसीए और बीसीएएस, ने अधिकांश प्रक्रियाओं को ऑनलाइन कर दिया है। घाटे में चल रही सरकारी एयरलाइन, एयर इंडिया के निजीकरण को अंततः इस साल एक जीत में बदल दिया गया और परिपाटी के उलट जाकर 11 नई क्षेत्रीय एयरलाइनें शुरू हुई हैं। इसके अलावा, दो नई एयरलाइनें जल्द ही अपना परिचालन शुरू करने जा रही हैं।

इस क्षेत्र में तेजी के इस नए रूख को हवाई अड्डे से संबंधित बुनियादी ढांचे में बड़े पैमाने पर सरकारी एवं निजी निवेश द्वारा पूरक बनाया गया है। वर्ष 1999-2013 की अवधि में, सिर्फ तीन ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों का परिचालन शुरू किया गया था। इसके उलट, पिछले आठ वर्षों में आठ नए ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे बनकर तैयार हुए हैं। इसके अलावा, इस वर्ष दो और हवाई अड्डे बन जायेंगे। यहां तक कि कोविड-19 का असर भी कैपेक्स पाइपलाइन के 93,000 करोड़ रुपये के व्यापक निवेश के माध्यम से हवाई अड्डों के विस्तार की हमारी योजनाओं में बाधक नहीं बन सकेगा। विस्तार की ये योजनाएं इस तरह से बनाई जायेंगी कि भारत में न सिर्फ बुनियादी ढांचे, बल्कि कनेक्टिविटी के मामले में भी उछाल आएगा। अपने प्रमुख हवाई अड्डों को एविएशन हब में बदलकर, अधिक विस्तृत आकार वाले विमान लाकर और अपने द्विपक्षीय समझौतों पर फिर से विचार करके संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, अफ्रीका और सुदूर यूरोप के लिए सीधे अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी को प्रोत्साहित किया जाएगा।

दूसरा आमूल बदलाव इस क्षेत्र में एक नए संपूर्ण-सरकारी दृष्टिकोण (होल-ऑफ-गवर्नमेंट एप्रोच) के रूप में हुआ है, जिसने अब पूरे विमानन इकोसिस्टम पर अपना ध्यान केंद्रित किया है। फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गनाइजेशन, ड्रोन, एयर कार्गो, एमआरओ, एयरक्राफ्ट लीजिंग आदि जैसे अब तक अनछुए संबद्ध क्षेत्रों को अब बड़े पैमाने पर आर्थिक और रोजगार सृजन क्षमता की दृष्टि से देखा जा रहा है। नया ड्रोन नियम 2021, नई एफटीओ नीति, नई एमआरओ नीति जैसी उदार नीतियों के साथ-साथ उपयुक्त प्रोत्साहन ने भारत में इन उद्योगों को उड़ान भरने के लिए उपयुक्त हवाई पट्टी तैयार की गई है। इनमें से प्रत्येक क्षेत्र नागरिक उड्डयन और पर्यटन को भारत के विकास के नए इंजन के रूप उभरने में समर्थ बनाने में महत्वपूर्ण साबित होगा। भारत को ड्रोन के मामले में विश्व में अग्रणी बनाने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण की वजह से ड्रोन ने विशेष तौर पर भारत में एक क्रांति की शुरुआत की है। बदलाव की इस गति से उत्साहित, ई-वीटीओएल भी जल्द ही भारतीय आसमान में उड़ान भरेंगे और आने वाले दिनों में कम दूरी की हवाई यात्रा के परिदृश्य को पूरी तरह बदल देंगे।

नए क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित करके, ट्राइट नीति की व्यवस्था को समाप्त करके, निजी भागीदारी के माध्यम से दक्षता सुनिश्चित करके, नए बाजारों की तलाश और मांग का सृजन करके अगले कुछ दशकों में नागरिक उड्डयन के क्षेत्र में विकास की नींव वर्तमान में रखी जा रही है। जैसे-जैसे भारत दुनिया की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है, वह निकट भविष्य में घरेलू विमानन बाजार के मामले में भी सर्वश्रेष्ठ होने का खिताब हासिल करने की दिशा में तत्पर है।

*(लेखक केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री है)*

## इंटरनेट पर छाई रुबीना दिलैक की तस्वीरें

टीवी जगत की जानी मानी मशहूर अदाकारा रुबीना दिलैक अपने नए-नए लुक से प्रशंसकों को इम्प्रेस करने का कोई अवसर नही छोड़ती हैं। वह अक्सर अपने फोटोशूट की झलक प्रशंसकों को दिखाती रहती हैं, जिसे उनके प्रशंसक बहुत पसंद करते हैं। एक बार फिर रुबीना ने अपने हॉट लुक से इंटरनेट का पारा बढ़ा दिया है।

वही इंटरनेट पर रुबीना दिलैक का नया फोटोशूट छा गया है। वह स्काय ब्लू कलर के थाई हाई स्लिट गाउन में दिखाई दे रही हैं, जिसमें वह बेहद हॉट लग रही हैं। फोटोज को जमकर लाइक और शेयर किया जा रहा है। गाउन के पफ स्लीव्स ने रुबीना दिलैक के लुक पर चार चांद लगा दिया है। खुले हुए बाल एवं मेकअप उनके लुक को और हॉट बना रहे हैं।

वही फोटोज में देखा जा सकता है कि रुबीना दिलैक ने अलग-अलग पोज में एक से एक हॉट फोटोज क्लिक करवाई हैं। उनके ऑउटफिट में कमर के पास एक कट है, जिस पर प्रशंसकों की निगाहें टिक गई हैं। रुबीना दिलैक के इस लुक पर प्रशंसक फिदा हो गए हैं। एक शख्स ने लिखा, आप खूबसूरती और हॉटनेस की परिभाषा हैं। दूसरे ने कमेंट किया, उफ्फ बहुत हॉट। किसी ने लिखा, कोई फायर ब्रिगेड को बुला दो। बता दे कि रुबीना दिलैक ने बिग बॉस 14 का खिताब अपने नाम किया है। इन दिनों वह खतरों के खिलाड़ी 12 शो को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं, जिसमें वह एक प्रतियोगी के रूप में दिखाई देगी।

## सू- दोकू क्र. 56

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.55 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

## राम चरण और कियारा आडवाणी की अगली फिल्म का शीर्षक अधिकारी होगा ?

साउथ सुपरस्टार रामचरण अभिनीत और शंकर षणमुगम द्वारा निर्देशित नई बड़े बजट की फिल्म को लेकर काफी चर्चाएं चल रही हैं और इस फिल्म का काम तो लंबे समय से चल रहा है। अब इस फिल्म के टाइटल को लेकर भी बहुत सारे नाम सामने आ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, आर सी15 का शीर्षक अधिकारी हो सकता है। अभी शीर्षक के नाम की फाइनल पुष्टी तो नही हुई है परंतु इस शीर्षक को भी सोशल मीडिया में अच्छी प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं क्योंकि यह शीर्षक उन सभी भाषाओं के लिए उपयुक्त है जिनमें फिल्म का निर्माण किया जा रहा है।

इस फिल्म में राम चरण एक आईएएस अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं और ये कहानी राजनीति के इर्द-गिर्द घूमती है। वहीं कियारा आडवाणी भी मुख्य किरदार में नजर आएंगी। सुपरस्टार राम चरण ने एस.एस. राजामौली ब्लॉकबस्टर आरआरआर के साथ पूरे देश से सुर्खियां बटोरी थी। अब अभिनेता अपना ध्यान पूरी तरह से शंकर के साथ इस फिल्म में लगा रहें हैं।

इस फिल्म की खास बात ये है कि इसमें राम चरण के साथ पिता चिरंजीवी भी दिखाई देंगे।

## अमेरिका की बंदूक संस्कृति

वेद प्रताप वैदिक

अमेरिका के टेक्सास प्रांत में वही हो गया, जो पिछले 250 साल से उसके हर शहर और मोहल्ले में होता रहा है। हर आदमी के हाथ में बंदूक होती है। वह कब किस पर चला दे, पता नहीं चलता। बंदूक का प्रयोग आत्महत्या के लिए तो अक्सर होता ही है लेकिन अमेरिका में कोई हमला ऐसा नहीं गुजरता है, जबकि कहीं न कहीं से सामूहिक हत्या की खबरें न आती हों।

अभी टेक्सास में 18 साल के एक नौजवान ने बंदूक उठाई और अपनी दादी को मार डाला। फिर वह एक स्कूल में गया और वहां उसने दो अध्यापकों और 19 बच्चों को मौत के घाट उतार दिया। 10 दिन पहले ही न्यूयार्क के एक बड़े बाजार में एक नौजवान ने दस अश्वेत लोगों को मार डाला था। अब से लगभग 53-54 साल पहले जब न्यूयॉर्क की कोलंबिया युनिवर्सिटी में मैं पढ़ता था तो मैं यह देखकर दंग रह जाता था कि वहां बाजार में खरीदी करते हुए या किसी रेस्तरां में खाना खाते हुए भी लोग अपने बेग में या कमर पर छोटी-मोटी पिस्तौल छिपाए रखते थे।

लगभग सभी घरों में बंदूकें रखी होती थीं। इस समय अमेरिका के 33 करोड़ लोगों के पास 40 करोड़ से भी ज्यादा बंदूकें हैं। याने हर परिवार में तीन-चार बंदूकें तो रहती ही हैं। ये क्यों रहती हैं मुझे मेरे अध्यापकों ने बताया कि बंदूकें रखना अमेरिकी संस्कृति का अभिन्न अंग शुरु से ही है। जब दो-ढाई सौ साल पहले गोरे यूरोपीय लोग अमेरिका आने लगे तो उन्हें स्थानीय ‍रेड इंडियन्स का मुकाबला करना होता था। उसके बाद अफ्रीकी अश्वेत लोगों का बड़े पैमाने पर अमेरिका आगमन हुआ तो शस्त्र-धारण की जरुरत पहले से भी ज्यादा बढ़ गई।

इसीलिए अमेरिकी संविधान में जो दूसरा संशोधन जेम्स मेडिसन ने 1791 में पेश किया था, उसमें आम लोगों को हथियार रखने का पूर्ण अधिकार दिया गया था। वह अधिकार आज भी ज्यों का त्यों कायम है। अमेरिका की सीनेट याने वहां की राज्यसभा, जो वहां की लोकसभा याने हाऊस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स से ज्यादा शक्तिशाली है, इस संवैधानिक कानून को कभी खत्म होने ही नहीं देती है। डेमोक्रेटिक पार्टी के बराक ओबामा और अब जो बाइडन इसके विरुद्ध हैं लेकिन वे कुछ नहीं कर सकते। कन्जर्वेटिव पार्टी के नेता अब भी पुरानी लीक को ही पीट रहे हैं। वे यह क्यों नहीं समझते कि उनकी अकड़ की वजह से औसत अमेरिकी नागरिक का जीवन कितना भयावह हो गया है। विश्व महाशक्ति होने का दावा करनेवाला अमेरिका अपनी इस हिंसक प्रवृत्ति के कारण सारी दुनिया में कितना बदनाम होता रहता है। अमेरिका की बदनामी उसके ईसाई समाज के लिए भी चिंता का विषय है। अहिंसा और ब्रह्मचर्य का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करनेवाले ईसा मसीह के बहुसंख्यक ईसाई समाज में हिंसा, बलात्कार और व्यभिचार की बहुतायत क्या उस राष्ट्र की छवि को मलिन नहीं कर रही है

# लाखों की स्मैक सहित एक दबोचा

हमारे संवाददाता




अल्मोड़ा। नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस को कल देर शाम खासी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक नशा तस्कर को दबोच कर उसके पास से लाखों की स्मैक बरामद की गयी है।

जानकारी के अनुसार कल देर शाम एसओजी व कोतवाली अल्मोड़ा पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कोई नशा तस्कर नशीले पदार्थो की डिलीवरी हेतू आने वाला है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया गया। इस दौरान सयुंक्त टीम को बेस तिराहे से होटल मैनेजमेंट की ओर से एक संदिग्ध युवक आता हुआ दिखायी दिया। पुलिस ने जब उसे रोक कर तलाशी ली तो उसके पास से 11.41 ग्राम स्मैक व एक इलैक्ट्रानिक तराजू बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम निखिलेश कनवाल पुत्र अनिल कनवाल निवासी खत्याड़ी अल्मोड़ा बताया। बताया कि व यह स्मैक रुद्रपुर से खरीदकर अल्मोड़ा में बेचने के लिए ला रहा है। पुलिस ने उसे एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। बरामद स्मैक की कीमत एक लाख से अधिक बतायी जा रही है।

# यात्रियों से अधिक किराया वसूलने पर बस मालिक पर मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। चारधाम यात्रा पर यात्रियों से अधिक किराया वसूलने पर बस मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यालय सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ऋषिकेश अरविन्द कुमार पाण्डे ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि विभागीय नियम शर्तो के विरुध्द संचालित होने तथा अत्याधिक किराया की वसूली के क्रम में बस संख्या यूके 07 पीए 1308 (सिटी बस) वाहन स्वामी सुरेन्द्र सिंह रावत पुत्र चन्दन सिंह रावत, पता कुल्हान,एस०डी० रोड, देहरादून को संयुक्त रोटेशन के माध्यम से चारधाम यात्रा में संचालित होने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त वाहन आज रोटेशन की व्यवस्था में सम्मिलित न होकर बाहर से तीर्थ यात्रियो से अधिक किराया वसूल कर चारधाम यात्रा हेतु बुक हुई है। चालक यतिन्द्र ठाकुर को पूछने पर उनके द्वारा बताया गया है कि उनके द्वारा 4300 रूपये प्रत्येक सीट की दर से चारधाम यात्रा हेतु बुक की गयी है। जो कि निर्धारित किराया से अत्याधिक है एवं निर्देशों एवं नियमों का उल्लघंन है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# मोटरसाईकिल की चपेट में आकर महिला की मौत

संवाददाता

देहरादून। मोटरसाईकिल की चपेट में आकर महिला की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मृतका के बेटे की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विंडलांस रिवर वैली निवासी अकित पंत ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि माता आशा पंत सायं हरिद्वार रोड पर विंडलास रिवरवैली अपार्टमेन्ट कुआवाला के सामने सडक किनारे खडी थी एक मोटर साइकिल चालक ने मोटर साइकिल को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी माता को टक्कट मार दी। जिससे उनके चेहरे व बाया हाथ फैक्चर हो गया एवं सिर व शरीर के वांये हिस्से में गम्भीर चोटें आई जिन्हे उपचार हेतु निकटतम व्यक्तियों द्वारा एम्बुलेंस द्वारा हिमालयन अस्पताल ले जाया गया जहां पर चिकित्सा उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दीं।

# अभावों में भी छात्राओं ने बताया 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं!

हमारे संवाददाता

मुनस्यारी। अभावों में भी प्रतिभाएं खिलती है, इस वाक्य को साबित किया है सीमांत तहसील की एकमात्र राजकीय इंटर कालेज नमजला की बालिकाओं ने। कालेज की पूजा जोशी ने हाईस्कूल तथा महिमा मेहरा ने इंटर में बिना शिक्षिकाओं के ही 71 प्रतिशत अंक हासिल कर व्यवस्था को आईना दिखाया है।

सरकारी उपेक्षा का शिकार राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नमजला की छात्राओं ने हाईस्कूल तथा इंटर के वोर्ड परीक्षा के परिणामों में अपना जलवा बिखेरा है। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नमजला का परीक्षा परिणाम 93 प्रतिशत रहा है। कोविड् काल में इस इंटर कॉलेज की मात्र दस प्रतिशत छात्राओं के पास ही इंटरनेट शिक्षा की सुविधा उपलब्ध थी।

जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया की बीते दिनों इस विद्यालय में हुई बैठक में यह तथ्य उभर कर आया था कि आज भी बेटा तथा बेटी का भेदभाव इस रुप में जिंदा है कि परिजन बेटे को अच्छी शिक्षा के कथित केंद्र बने प्राइवेट स्कूलों में दाखिला कराते है और बेटियों को सरकारी स्कूलों में भेजते है। उसके बाद भी बेटियां गगन को छूने का हौंसला अपने मन में रखे हुए है।

खस्ताहाल बालिका इंटर कॉलेज नमजला की बात करते है। इस विद्यालय में तीन दशक से प्रधानाचार्या का पद रिक्त चल रहा है। प्रवक्ता के नौ पदों पर मात्र एक में संस्कृत विषय की प्रवक्ता तैनात है, जिसके पास प्रधानाचार्या का अतिरिक्त प्रभार है। सहायक अध्यापिका के पदों में भी तीन पद रिक्त है। एक तैनात शिक्षिका बिना वेतन के ही अवकाश में जाने से चार पदों पर रिक्ति बनी हुई है। मौजूद शिक्षिकाओं द्वारा शिक्षिकाओं की भारी कमियों के बाद भी बालिकाओं को विषय वार पढ़ाने को कोशिश की जाती है, लेकिन एक नियमित शिक्षिकाओं की कमी इन बालिकाओं के भविष्य पर सवाल खड़े करता है। दो दशक से यहां शिक्षिकाओं के अभाव में विज्ञान की कक्षाएं भी बंद पड़ी हुई है।

इन अभावों में बिना शिक्षिकाओं के नियमित ज्ञान वर्धन के बावजूद भी दो बालिकाओं ने आसमां को छू कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अन्य बालिकाओं ने भी 93 प्रतिशत परीक्षा परिणाम पहुंचाकर 'लड़की हूं लड़ सकती हूं' के नारे को चरितार्थ कर दिखाया है।

हाईस्कूल में ग्राम पंचायत सेरा सुराईधार की बेटी पूजा जोशी पुत्री उषा तथा भुवन जोशी ने 71 प्रतिशत अंक तथा इंटर में ग्राम नमजला की महिमा मेहरा पुत्री मीना तथा रमेश मेहरा ने 71. 2 प्रतिशत अंक हासिल कर बालिका इंटर कॉलेज नमजला को अचानक चर्चाओं में ला दिया है। प्रधानाचार्या सुश्री नीमा आर्या ने बताया कि बालिका इंटर कॉलेज हर पहलू से बेहतर प्रदर्शन की ओर जा रहा है। इसके लिए अतिरिक्त प्रयास शिक्षिकाओं द्वारा किया जाता है।

# क्रेडिट कार्ड बनाने का झांसा देकर ठगे साढे चार लाख

संवाददाता

देहरादून। क्रेडिट कार्ड बनाने का झांसा देकर खाते से चार लाख 58 हजार रूपये निकाल लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार महारानीबाग रोड निवासी तरणि कांता कुनार ने बसंत विहार थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 29 मई को उसके पास एक फोन आया तथा फोन करने वाले ने अपना परिचय एचडीएफसी बैंक कर्मचारी के रूप में दिया तथा नए क्रेडिट कार्ड का बिना मेम्बरशिप का कार्ड का ऑफर बताया उसके द्वारा कई बार मना करने के बाद उसके द्वारा उसको ऐसा भ्रमित किया गया की वह विश्वास में आ गया और नया क्रेडिट कार्ड बनाने के लिए उसने हामी भर दी। जिसके बाद उसके मोबाइल नंबर पर मैसेज और उसके रजिस्ट मेल आईडी पर ईमेल के माध्यम से उसको अपने क्रेडिट कार्ड एचडीएफसी बैंक से अब तक टोटल 458499 रुपया कटने की मेल व मैसेज से जानकारी हुयी। जिसके बाद उसको पता चला कि बैंक कर्मचारी बनकर उसके साथ ठगी हुई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# लघु व्यापार एसोसिएशन ने गंगा घाटों पर किया श्रमदान

संवाददाता

हरिद्वार। लघु व्यापार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपडा के नेतृत्व में गंगा घाटों पर श्रमदान कर सफाई की।



आज यहां माँ गंगा के घाटों पर केंद्र व राज्य सरकार के संरक्षण में नमामि गंगे, स्पर्श गंगा, स्वच्छ गंगा योजना के तहत प्रतिदिन माँ गंगा के घाटों की सफाई व्यवस्थाओं को देख रही कंपनियों के अनुबंध ठेका समाप्त हो जाने के उपरांत माँ गंगा के घाटों पर कूड़ा- करकट, गंदगी को साफ करने के उद्देश्यों को लेकर लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा के नेतृत्व में श्रमदान कर ललतारो घाट, किसान घाट, अलकनंदा घाट, विष्णु घाट, विष्णु घाट पुल इत्यादि क्षेत्रों में लघु व्यापार एसो. के कार्यकर्ताओ, पदाधिकारियों ने झाड़ू-फावड़े कूड़ा उठाने के संसाधनों के साथ सफाई अभियान चलाकर नगर निगम प्रशासन के खिलाफ घाटों से कूड़ा- करकट उठाकर उचित स्थानो पर डालते हुए नगर निगम प्रशासन के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, हरिद्वार के लोकसभा सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक से संयुक्त रूप से मांग की नमामि गंगे योजना, स्पर्श गंगा योजना, स्वच्छ गंगा योजना के तहत चलाई जा रही सफाई व्यवस्था को पुन: जीवित करने के लिए युद्ध स्तर पर वैकल्पिक व्यवस्थाओं को किए जाने की मांग को प्रमुखता से उठाया। इस अवसर पर लघु व्यापार एसो. के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा माँ गंगा के समस्त घाटों रोड़ी बेलवाला क्षेत्र में किसान संगठनों द्वारा तीन दिवसीय किसान कुंभ का आयोजन प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाता है हजारों की तादात में किसान भाई माँ गंगा का स्नान कर पुण्य अर्जित करने के लिए धर्मनगरी हरिद्वार में प्रवेश करते हैं मेरी किसान भाइयों से अपील है कृपया घाटों पर सफाई की व्यवस्था का विशेष ध्यान रखते हुए अपने आयोजन करें। लघु व्यापारी नेता रमेश निरंजन, नितिन चोपड़ा, भरत सिंह माखन, प्रदीप कुमार, पंडित सुनील शर्मा, मुकरी ओम कुमार, रंजीत सिंह, जगदीश प्रसाद, दीपक कुमार, नीरज शर्मा, मंगल सिंह रावत, प्रकाश बिष्ट, शीशपाल सैनी, सुनीता देवी, मंजू पाल, पुष्पा दास, कामिनी मिश्रा, श्रीमती तनु चोपड़ा, मुन्नी देवी आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।



## एक नजर

# 13 साल पुराने मामले में लालू यादव पर लगा 6000 रुपये का जुर्माना

रांची। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव को आचार संहिता उल्लंघन मामले में बड़ी राहत मिली है। पलामू कोर्ट ने ६ हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए लालू के खिलाफ केस को खत्म कर दिया। लालू प्रसाद यादव तय समय पर पलामू कोर्ट पहुंचकर आठ बजे कोर्ट से बाहर निकल गए। वह किसी भी पत्रकार के सवाल का जवाब नहीं दिए। लालू एमपी–एमएलए के स्पेशल कोर्ट सतीश मुंडा की कोर्ट में पेश हुए। करीब २८ मिनट तक वह कोर्ट में उपस्थित रहे। लालू इस मामले में डेढ़ माह पहले जेल की सजा काट चुके हैं। उल्लेखनीय है कि २००६ में गढ़वा जिले के एक सभा में लालू यादव ने निर्धारित स्थल के अलावा अन्य स्थल पर हेलीकाप्टर उतरवा दिया था जिससे अफरातफरी मच गई थी और इसको लेकर उनके खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया था। इसी मामले में कोर्ट में हाजिर होने के लिए लालू यादव झारखंड के डाल्टनगंज आए हुए थे।



# पबजी गेम खेलने से रोकने पर बेटे ने की मां की हत्या!

लखनऊ। लखनऊ में ऑनलाइन गेम पबजी खेलने से रोकने पर १६ वर्षीय एक लड़के द्वारा अपनी मां की कथित हत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लड़के को ऑनलाइन गेम खेलने की लत थी और वह मां द्वारा खेलने से मना करने से नाराज था। मामले में बच्चे की दादी ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने मंगलवार की रात मां का आंशिक रूप से क्षत–विक्षत शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नाबालिग लड़का पुलिस की हिरासत में है। पुलिस ने बताया लड़के ने शनिवार को अपनी मां को गोली मार दी थी और उसके शव को दो दिन तक कमरे में बंद रखा और उसके बाद मंगलवार को पश्चिम बंगाल में तैनात सेना के जवान पिता को घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना के वक्त लड़के की नौ वर्षीय बहन भी घर पर थी। लड़के ने कथित तौर पर उसे धमकाया और शव से निकलने वाली दुर्गंध को छिपाने के लिए रूम फ्रेशनर का इस्तेमाल किया। घटना की जानकारी देते हुए अपर पुलिस उपायुक्त कासिम आबिदी ने बताया, घटना पीजीआई थाना क्षेत्र के यमुनापुरम कॉलोनी की है। लड़के के पिता वर्तमान में पश्चिम बंगाल में तैनात हैं और उसकी मां बेटे और बेटी के साथ लखनऊ में रहती थी। अधिकारी ने कहा, १६ साल का बेटा ऑनलाइन गेम पबजी का आदी था। उसने हमें बताया कि उसकी मां उसे गेमिंग के लिए रोकती थी, इसलिए उसने उसे मार डाला। नाबालिग ने अपनी मां को गोली मारने के लिए अपने पिता की लाइसेंसी बंदूक का इस्तेमाल किया। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल हथियार भी बरामद कर लिया है।




# जामिया नगर की मेट्रो पार्किंग में लगी आग, जलकर खाक हो गए 90 वाहन

नई दिल्ली । राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बुधवार सुबह जामिया नगर की मेट्रो पार्किंग में भीषण आग लगने से १० कारों सहित ६० से अधिक वाहन जलकर खाक हो गए। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है। घटना में किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है। अधिकारी ने बताया कि उन्हें दक्षिण–पूर्वी दिल्ली के जामिया नगर के मेन तिकोना पार्क में तड़के करीब पांच बजे आग लगने की घटना की सूचना मिली जिसके बाद दमकल विभाग की ११ गाड़ियों को तत्काल सेवा में लगाया गया। आग के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा, आग से १० कारों, १ मोटरसाइकिल, २ स्कूटी, ३० नए ई–रिक्शा, मेट्रो पार्कि ग में ५० पुराने ई–रिक्शा को नुकसान पहुंचा है। आग पर काबू पा लिया गया है और स्थिति अब नियंत्रण में है।



# हल्द्वानी में मिशन 2024 पर माथापच्ची

विशेष संवाददाता

हल्द्वानी। भाजपा की हल्द्वानी में आयोजित दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में आज दूसरे कुछ राजनीतिक प्रस्ताव लाए जाने के साथ भाजपा के नेताओं का पूरा फोकस केंद्रीय योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने व केंद्र तथा राज्य सरकार की 8 सालों की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने पर चिंतन मंथन किया गया।

हर समय चुनावी मोड में रहने के लिए जानी जाने वाली भाजपा का पूरा फोकस इस बात पर केंद्रित है कि 2024 के आम चुनाव में एक बार फिर राज्य की सभी 5 सीटों पर जीत दर्ज की जाए। आज कार्यसमिति की बैठक का शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दीप जलाकर किया। प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक ने अपने संबोधन में कहा कि हम केवल चुनाव जीतने के लिए काम नहीं करते हैं। लोगों के बीच रहकर उनके दुख सुख में साथ रहते हैं उनकी क्या समस्याएं हैं उन्हें दूर करने के प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार और राज्य सरकार के कामों का ही नतीजा है कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव में बंपर जीत दर्ज की और उपचुनाव में रिकॉर्ड मतों से मुख्यमंत्री को जनता ने जिताया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में होने वाले निकाय और पंचायत चुनाव के अलावा लोकसभा 2024 का चुनाव भी है। हम प्रयासरत है कि हम एक बार फिर 2019 से अधिक वोटों से फिर पांचों लोकसभा सीटों को जीतकर प्रधानमंत्री मोदी का हाथ मजबूत करें।

**❑लोकसभा की सभी सीटें रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे**
**❑केंद्र व राज्य की योजनाओं के प्रचार पर जोर**

उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस का कुछ शेष नहीं बचा है राज्य की विधानसभा से लेकर लोकसभा की सभी सीटों और राज्यसभा की सभी तीनों सीटों पर भाजपा का कब्जा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अभी से इसकी तैयारी शुरू कर दी है। 10 जून से 20 जून तक भाजपा जिला कार्यसमितियों की बैठकें होंगी, 21 जून को योग दिवस के अवसर पर पूरे प्रदेश में बड़े आयोजन किए जाएंगे और राज्य के सभी 252 मंडलों में बैठकें होंगी। उन्होंने कहा कि हम हर बूथ से लेकर पन्ना प्रमुखों को उनकी जिम्मेवारी तय करेंगे।

भाजपा की कार्यसमिति की इस बैठक में आज केंद्र सरकार के 8 सालों की उपलब्धियों और राज्य सरकार की बड़ी जीत पर प्रस्ताव लाया जाएगा। गरीबों के लिए चलाई जाने वाली योजनाओं का लाभ भाजपा द्वारा कैसे जनता तक पहुंचाया जा सका है? और सरकार आगे क्या करने जा रही है सभी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

कार्यसमिति की बैठक में मुख्यमंत्री धामी से लेकर प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक, सभी सांसद और पूर्व मुख्यमंत्रियों के अलावा राज्य सरकार के सभी मंत्री और विधायकों सहित तीन सौ कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## अधिवक्ता से अभद्रता करने वाला दारोगा निलम्बित

हमारे संवाददाता

हल्द्वानी। अधिवक्ता से मारपीट व अभद्रता प्रकरण में एसएसपी द्वारा आरोपी दारोगा को निलम्बित कर उसे वनभूलपुरा थाना अटैच कर दिया है। इस मामले में उत्तराखण्ड बार कौसिंल ने डीजीपी को ज्ञापन भेजकर आरोपी दारोगा के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गयी थी।

जानकारी के अनुसार पिछले दिनों दरोगा और अधिवक्ता के बीच मारपीट का वीडियो वायरल हुआ था। बताया जा रहा है कि एक दारोगा द्वारा अधिवक्ता के घर जाकर उसके साथ मारपीट कर धमकाया गया था। इस वीडियो के वायरल होने के बाद उत्तराखण्ड बार कौसिंल ने डीजीपी को ज्ञापन प्रेषित कर आरोपी दारोगा के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गयी थी। इस मामले में पुलिस जांच के बाद बड़ी कार्रवाई करते हुए एसएसपी द्वारा आरोपी दारोगा को निलम्बित कर दिया गया है। दारोगा के निलम्बन के बाद उत्तराखण्ड बार एसोसिएशन द्वारा खुशी जाहिर करते हुए बार भवन जजी कोर्ट में एक बैठक आयोजित की गयी। एसएसपी नैनीताल पंकज भट्ट ने कहा कि पूरे मामले की जांच कराई जा रही है फिलहाल दरोगा को निलंबित करने का काम किया गया है।

## निर्माणाधीन मकान से तारें चोरी

देहरादून (सं)। चोरों ने निर्माणाधीन मकान से तारें चोरी कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवम विहार कारगी चौक निवासी रोहित राणा ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उनके नए घर की कंस्ट्रेशन साईड पर बिजली के नए तारें की चोरी हो गई है। चोरों द्वारा अपने औजार से घर में लगे ताले को तोडा और घर में घुस गए। इस सम्बन्ध में उसे आस-पास कार्य करने वाले व्यक्तियों पर शक होता है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## दस हजार रुपये रिश्वत लेते कानूनगो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। कृषि भूमि को अकृषि भूमि में घोषित करने के लिए कानूनगो को विजिलेंस ने दस हजार रूपये रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वजिलिंस ने डोईवाला तहसील से कानूनगो को दस हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़ा। कानूनगो पांच-पांच हजार रुपये प्रति फाइल के नाम पर रिश्वत मांगी थी। शिकायतकर्ता ने टोल फ्री नंबर पर बताया कि मोतीलाल न्यू शवि मार्केट शास्त्रीनगर ज्वालापुर हरद्विार रिश्वत मांग रहा है। जांच में पता चला कि शिकायतकर्ता की माँ ने अपने दो भूखंडों को कृषि भूमि से अकृषि भूमि घोषित करने के लिए 31 अक्टूबर 2021 को आवेदन किया था। दोनों रकबों की अलग अलग पत्रावली पर रिपोर्ट लगाने के लिए शिकायतकर्ता ने कानूनगो मोतीलाल से कई बार संपर्क किया। जिस पर कानूनगो ने प्रति फाइल पांच हजार रुपये की रिश्वत मांगी। जांच सही पाए जाने के बाद ट्रैप टीम गठित की गई। आज कानूनगो मोतीलाल निवासी न्यू शिव इमार्केट शास्त्रीनगर ज्वालापुर हरिद्वार हाल तैनाती कानूनगो डोईवाला को शिकायतकर्ता से 10 हजार रूपये की रिश्वत लेते तहसील कार्यालय से रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया।

## एटीएम कार्ड बदलकर निकाले आठ लाख रुपये

संवाददाता

देहरादून। एटीएम कार्ड बदलकर खाते से आठ लाख रूपये निकाल लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चमोली निवासी अशोक कुमार सेमवाल ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 6 अप्रैल को वह टायल्स लेने के लिये ऋषिकेश आया था दिनांक दिनांक ०७.०४.२०२२ को ऋषिकेश नटराज चौक पर स्थित ए.टी. एम से 20 हजार रूपये निकाले थे जब वह ए.टी.एम से रूपया निकाल रहा था तो उस समय ए.टी.एम के अन्दर एक लडका मौजूद था उसने रूपया निकालने के लिये उस लडके की मदद ली थी उसने ही उसके ए.टी.एम कार्ड का प्रयोग कर मेरे खाते से 20 हजार रूपये निकाले और ए.टी.एम लौटा दिया उसके बाद वह वापस घर आ गया। इस दौरान वह किसी को रूपये भेज रहा था लेकिन रूपये नहीं गये जिसके बाद वह बैंक गया तो पता चला कि उसके खाते से आठ लाख रूपये निकाले गये है। जिसके बाद उसको एटीएम कार्ड बदले जाने का पता चला। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।
*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**
*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**
*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**
कानूनी सलाहकार:
बी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट
कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808
*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*